Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to expedite the work of sanctioned National Highway Projects in Himachal Pradesh.

श्री सुरेश कश्यप (शिमला): हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी प्रदेश है । प्रकृति ने इसको बहुत सुंदर बनाया है । टूरिज्म की अपार सम्भावना है परंतु आवागमन का मुख्य साधन सड़कें हैं । एयर कनेक्टिविटी, रेल कनेक्टिविटी बहुत कम है । पिछली सरकार के समय भारतीय जनता पार्टी ने यहाँ 69 नेशनल हाइवेज इन प्रिंसिपल स्वीकृत किए थे, जिसके निर्माण में कुछ प्रगति हुई है । लेकिन मेरा आग्रह रहेगा कि इनका निर्माण शीघ्रातिशीघ्र किया जाए । नेशनल हाइवे बनने से यहां टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा । साथ ही साथ अभी पिछले दिनों 7 और 8 नवम्बर को प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश में इनवेस्टर्स मीट की थी, जिसमें देश और प्रदेश के बहुत सारे निवेशक आए थे । लगभग 92,000 करोड़ रुपये के एमओयूज़ साइन हुए । परन्तु अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर, अच्छी सड़कें अगर यहां पर होंगी तो यहां ज्यादा निवेश होगा । मेरा आग्रह रहेगा कि नेशनल हाइवेज का शीघ्रातिशीघ्र निर्माण किया जाए ताकि लोगों को रोजगार मिले, युवाओं को रोजगार मिले और प्रदेश की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके ।